कार्यालय मुख्य अग्नि शमन अधिकारी देहरादून।

पत्रांकः न–9 / सीएफओ(स्कू0भ0मा0) / 18– D-Po-68 दिनांकः मई 16, 2018

सेवा में,

**प्रधानाचार्य / प्रबन्धक**
**हैपी होम मोंटेसरी स्कूल**
**(HAPPY HOME MONTESSORI SCHOOL)**
**खदरी खडगमाफ**
**श्यामपुर ऋषिकेश**
**जनपद–देहरादून।**

कृपया आपके द्वारा अग्निशमन एंव आपात सेवा उत्तराखण्ड़ की बैबसाईट पर आवेदित यूनिक नम्बर–56747495 दिनांक 20.04.2018 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा हैपी होम मोंटेसरी स्कूल खदरी खड़गमाफ श्यामपुर ऋषिकेश, जनपद देहरादून पर शैक्षणिक भवन की अग्नि शमन सुरक्षा व्यवस्था सम्बन्धी अन्तिम अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने की अपेक्षा की गई है।

उक्त के क्रम में प्रश्नगत शैक्षणिक भवन (स्कूल) का निरीक्षण प्राथमिक अग्नि सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से अग्निशमन अधिकारी ऋषिकेश द्वारा किया गया एवं संस्तुति आख्या दिनांक 26.04.2018 को इस कार्यालय को प्रेषित की गई। निरीक्षण आख्या निम्नवत् हैः–

1. प्रश्नगत स्कूल भवन तक अग्निशमन वाहन आसानी से पहुॅच सकता है।
2. प्रश्नगत स्कूल भवन के ऊपर से कोई विद्युत हाईटेंशन लाईन नहीं गुजर रही है।
3. प्रश्नगत स्कूल भवन वर्तमान समय मे G+1 मे निर्मित है।
4. प्रश्नगत स्कूल भवन में 05 हजार लीटर क्षमता के सिन्टेथिक वाटर टैंक का प्राविधान किया गया है।
5. प्रश्नगत स्कूल भवन में के भूतल एवं प्रथम तल मे 01–01 अदद् होजरील (30मी0 प्रति) को स्थापित किया गया है। जिन्हे स्कूल भवन के टैरेस टैंक से सम्बद्ध किया गया है।
6. प्रश्नगत स्कूल भवन के अर्न्तगत 04 अदद् ए.बी.सी. टाईप फायर एक्सटिंग्यूशर क्षमता 04 कि0ग्रा0 के स्थापित किये गये है।
7. प्रश्नगत स्कूल भवन की विद्युत व्यवस्था एम0सी0बी0 पर आधारित है।
8. प्रश्नगत स्कूल भवन में निकास मार्गों / सैट बैक का प्राविधान किया गया है। निकास मार्गों / सैट बैक को सदैव अवरोध रहित रखने एवं मैनुअल कॉल प्वाइट (एम0सी0पी0) लगाने हेतु स्वामी / प्रबन्धक को निर्देशित किया गया है।
9. प्रश्नगत स्कूल भवन में कार्यरत कर्मचारियों को अग्निशमन यन्त्र संचालन का ज्ञान होना आवश्यक है।
10. प्रश्नगत स्कूल भवन विस्तार / अतिरिक्त निर्माण करने पर अलग से अग्निशमन विभाग से अग्निशमन व्यवस्था का कार्यशीलता प्रमाण पत्र लिया जाना आवश्यक होगा।
11. प्रश्नगत स्कूल भवन मे फायर सर्विस का टेलीफोन नम्बर–101, 0135–2430101 एंव पुलिस कन्ट्रोल रूम का टेलीफोन नम्बर–100 एवं एम्बुलेन्स का टेलीफोन नं0–108 अंकित किये जाने हेतु प्रबन्धक / स्वामी को निर्देशित किया गया है।

अतः उपरोक्त अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं के आधार पर हैपी होम मोंटेसरी स्कूल खदरी खडगमाफ श्यामपुर ऋषिकेश, जनपद देहरादून, पर शैक्षणिक भवन (स्कूल) में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था सम्बन्धी पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने में अग्नि शमन विभाग को कोई आपत्ति नही है। वशर्ते शैक्षणिक भवन स्वामी / सोसाइटी / प्रबन्धक प्रश्नगत शैक्षणिक भवन (स्कूल) में की गई अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सदैव उच्च स्तर पर बनाये रखेंगे साथ ही की अग्नि शमन विभाग द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन सुनिश्चत करेंगें। भवन स्वामी / सोसाइटी / प्रबन्धक को उक्त शैक्षणिक भवन में स्थापित अग्नि सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण प्रत्येक वर्ष अग्निशमन एवं आपात सेवा, देहरादून से करवाकर उक्त व्यवस्था का कार्यशील होने का प्रमाण पत्र अवश्य लेना होगा। साथ ही प्रश्नगत शैक्षणिक भवन (स्कूल) में स्थापित अग्नि सुरक्षा व्यवस्था के संचालन हेतु प्राथमिक अग्निशमन प्रशिक्षण प्राप्त सुरक्षा कर्मियों कों रखेगें ताकि किसी आकस्मिकता के समय त्वरित अग्निशमन कार्य किया जा सके। ऐसा न करने पर जारी प्रमाण पत्र स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।

16.05.18

(एस0के0 राणा)
मुख्य अग्नि शमन अधिकारी
देहरादून।